दैनिक भास्कर
01-Jun-2019
पटना Page 2

**24 घंटे सुविधा** • मोबाइल एप से करा सकेंगे बुकिंग, शहर में कहीं भी जाना होगा आसान

# राजधानी में चलने लगी उबर टैक्सी

सिटी रिपोर्टर | पटना

मुंबई की तरह अब पटना में भी उबर टैक्सी की सुविधा मिलेगी। परिवहन विभाग द्वारा शुक्रवार को इसकी लॉन्चिंग होटल मौर्या में की गई। मुख्य सचिव दीपक कुमार व परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने उबर टैक्सी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोग मोबाइल एप के माध्यम से इसकी ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे। पटना के किसी भी कोने में सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं। पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों को 5 से 10 मिनट के अंदर उबर कैब की सुविधा मिलेगी। घर से एयरपोर्ट जाने के लिए भी इसका उपयोग कर सकते हैं। इसमें यात्रियों को सीट शेयरिंग का भी विकल्प मिलेगा। उबर कैब से सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अगर यात्री खुद को असुरक्षित महसूस करेंगे तो उनके लिए पैनिक बटन का विकल्प दिया गया है। पैनिक बटन दबाते ही पुलिस और उबर के कंट्रोल रूम में मैसेज चला जाएगा।




## प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा एप

सबसे पहले प्ले स्टोर से निःशुल्क उबर एप अपने स्मार्टफोन पर डाउनलोड करें और उसमें अपना अकाउंट बनाएं। अपना गंतव्य डालें और राइड का विकल्प चुनें। आपको मूल्य सदैव पहले दिखाई देगा। आपको अपने ड्राइवर का फोटो और वाहन का विवरण दिखाई देगा। आप मैप पर उनके आने का समय ट्रैक कर सकते हैं।

## 500 टैक्सी चलेगी, 1000 लोगों को मिलेगा रोजगार

अभी 500 से अधिक उबर कैब शुरू की गई है। इससे सीधे तौर पर 1000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। उबर टैक्सी चलाने वाले अशोक कुमार बताते हैं कि पहले किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। हमारी बहुत अच्छी स्थिति नहीं थी। उबर की सेवा शुरू हो जाने से हमें एक अच्छा रोजगार का अवसर मिला है। हमारे भाई भी टैक्सी चलाते हैं। अच्छी कमाई हो जाती है।

## प्रदूषण में आएगी कमी

मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट होने से आमलोगों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। प्रदूषण के लेवल में कमी आएगी। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि एग्रीगेटर पॉलिसी बनने के बाद बिहार में परिवहन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों का आगमन हुआ है। इससे पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा मिलेगा। प्रदूषण में कमी आएगी और पार्किंग की समस्या से भी निजात मिलेगी। पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट की कमी थी। बस व बाइक टैक्सी के बाद उबर टैक्सी की सेवा शुरू की गई है। उबर के ईस्ट इंडिया हेड रतुल घोष ने कहा-पटना के नागरिकों को मोबिलिटी की सुविधा देने के लिए हम परिवहन विभाग के साथ काम कर रहे हैं। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त आरएल चोंगथु व राज्य परिवहन आयुक्त सीमा त्रिपाठी भी मौजूद थे।